राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार के पूर्व राज्यपाल स्व॰ एम॰ रामा जोइस को राजभवन में शोक–सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 16 फरवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में आयोजित एक शोक–सभा में स्वातंत्र्योत्तर बिहार के 27वें पूर्व राज्यपाल स्व॰ एम॰ रामा जोइस को उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित की।

राजभवन में आयोजित इस शोक सभा में राजभवन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी फिजिकल डिस्टेन्सिंग के प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करते हुए स्व॰ एम॰ रामा जोइस जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। इस शोक–सभा में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

ज्ञातव्य है कि स्व॰ एम॰ रामा जोइस 12 जून, 2003 से 31 अक्टूबर, 2004 तक बिहार के महामहिम राज्यपाल थे। महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि ''पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति स्व॰ एम॰ रामा जोइस एक प्रख्यात न्यायविद्, शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक, विद्वान लेखक तथा प्रखर राष्ट्रभक्त थे, जिनके निधन से विधि व न्याय, शिक्षा, संस्कृति तथा सामाजिक राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।'' महामहिम राज्यपाल ने बिहार के दिवंगत पूर्व राज्यपाल स्व॰ एम॰ रामा जोइस की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस दारूण घड़ी में धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....